5. देश की एकता एवं अखण्डता की रक्षा के लिए जागरूकता अभियान का संचालन करना तथा देश से आतंकवाद, जातिवाद, भ्रष्टाचार, छुआ–छूत, देश–द्रोह, नशाखोरी, जुआ खेलना, औषधी दुरूपयोग, दहेज प्रथा, बाल–विवाह, अंधविश्वास इत्यादि को समाप्त कराने का प्रयास करना ।

6. ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब, असहाय, विकलांग, विधवा महिलाओं एवं पुरूषों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र, लघु उद्योग, गृह उद्योग, कुटीर उद्योग, हस्तकला, वास्तुकला, मधुबनी पेंटिंग, सिलाई, कटाई, बुनाई, पत्तल प्लेट निर्माण, कृषि, बागवानी, आचार, जाम एवं जैली निर्माण का प्रशिक्षण देना तथा प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन करना तथा खादी ग्रामोद्योग आयोग/बोर्ड के सहयोग से उद्योग,शिक्षण –प्रशिक्षण की व्यवस्था करना ।

7. बाढ़, अकाल, महामारी तथा अन्य दुर्घटना एवं प्राकृतिक आपदाओं में राहत कार्य का संचालन करना तथा पीड़ितों के बीच भोजन, स्वच्छ पेयजल, वस्त्र, दवा चिकित्सा, शिक्षा एवं पुर्नवास की व्यवस्था करना तथा आपदा प्रबंधन के लिए कार्य करना।

8. संस्था सर्वशिक्षा अभियान, साक्षरता अभियान, सतत् शिक्षा अभियान, लोक शिक्षकों के प्रशिक्षण एवं अनुश्रवण की व्यवस्था करेगी। तथा सरकार द्वारा चलायी जाने वाली अन्य अभियानों में सहयोग करेगी।

9. स्वास्थ्य की देखभाल के लिए होम्योपैथिक, आर्युवेदिक, स्वास्थ्य केन्द्र, चलन्त दवाखाना, कैंसर उन्मूलन, कुष्ठ उन्मूलन इत्यादि का संचालन करना तथा पल्स पोलियो टीकाकरण योग शिविर, रक्तदान, नेत्रदान एवं नेत्र चिकित्सा शिविर, परिवार नियोजन शिविर, मातृ एवं स्वास्थ्य कल्याण शिविर का आयोजन कर लोगों को स्वास्थ्य की देखभाल करना तथा लाभान्वित करना इसके अलावा एड्स, कालाजार, मलेरिया, हैपेटाईटिस ए0बी0सी0, लेप्रोसी, टी0बी0 एवं अन्य खतरनाक बिमारियों से निजात दिलाने हेतु आवश्यक जानकारी एवं दवा उपलब्ध कराना। तथा कुपोषण दुर करने के लिए कार्यकरना।

10. पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रमों का संचालन करना तथा लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, लगे वृक्षों की रक्षा करने एवं अन्य जानकारी देना तथा सरकार द्वारा चलाये जाने वाले कार्यक्रमों में सहयोग देना ।